बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

का0आ0सं0:–भवन / स्था0–01–विविध–10 / 2025.....9546(भ).....पटना, दिनांक–08/10/26

आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग की संकल्प ज्ञापांक–3450 दिनांक–02.12.2006, संकल्प ज्ञापांक–4754 दिनांक–31.12.2007, परिपत्र संख्या–2462 दिनांक–30.04.2008 एवं परिपत्र संख्या–15498 दिनांक–01.09.2022 द्वारा बिहार सरकार के विभागों / कार्यालयों में साप्ताहिक कार्यदिवस एवं कार्य अवधि के संदर्भ में संसूचित निम्नांकित निर्णय सम्प्रति प्रभावी है:–

(क) 05 दिवसीय कार्य सप्ताह वाले विभागों / कार्यालयों के लिए–
  (i) कार्य अवधि– पूर्वाह्न 09:30 से अपराह्न 06:00 बजे तक (महिला कर्मियों के लिए अपराह्न 05:00 बजे तक)
  (ii) भोजन अवकाश–अपराह्न 01:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक।

(ख) 06 दिवसीय कार्य सप्ताह वाले कार्यालयों के लिए–
  (i) कार्य अवधि– पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 05:00 बजे तक (नवम्बर से फरवरी माह तक पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक)
  (ii) भोजन अवकाश–अपराह्न 01:30 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक।

2. गृह विभाग (विशेष शाखा) के पत्रांक–8986 दिनांक–12.08.2022 द्वारा दि0–29.08.2022 से विभागों / निदेशालयों / क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत पदाधिकारियों / कर्मियों के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज किया जाना सुनिश्चित करने का निदेश परिचारित किया गया है।

उपरोक्त के आलोक में ससमय कार्यालय आने एवं बायोमैट्रिक अटेंडेंस के माध्यम से ससमय उपस्थिति दर्ज करने हेतु विभाग स्तर से भी समय–समय पर निदेश निर्गत किया गया है। उक्त के बावजूद कई पदाधिकारी / कर्मी अभी भी निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं आ रहे है तथा समय से पहले कार्यालय छोड़ रहे है। कतिपय पदाधिकारी / कर्मी भोजनावकाश हेतु निर्धारित अवधि से बहुत अधिक समय के लिए कार्यालय से अनुपस्थित रहते है एवं खोजे जाने पर कार्यालय से बिना अनुमति के अनुपस्थित पाये जा रहे है। यह कृत स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता एवं सरकारी आदेश की अवहेलना का द्योतक है, जो स्वीकार योग्य नहीं है।

अतः वर्णित तथ्यों के आलोक में निदेश दिया जाता है कि निर्गत दिशा–निर्देशो के अनुसार कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए एवं बायोमैट्रिक अटेंडेंस के माध्यम से ससमय उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए। पूर्वानुमति के बिना अनुपस्थित पाये जाने की स्थिति में नियमानुसार अनुशासनिक कारवाई की जाएगी।

(प्रणव कुमार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक:– भवन / स्था0–01–विविध–10 / 2025.....9546(भ)..... / पटना, दिनांक:–08/10/26

प्रतिलिपि:–माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव / अभियंता प्रमुख (विद्युत सहित) / सभी अपर सचिव / सभी संयुक्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित) / सभी उप सचिव / सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित) / सभी अवर सचिव / सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित) / सभी प्रशाखा पदाधिकारी / सभी सहायक अभियंता (विद्युत सहित) / सभी कनीय अभियंता (विद्युत सहित) / सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी / मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय स्थित सभी कर्मी / आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।
Kumar 7/10/26

E/MADHUMITA.RAI.STHAPANA/Smt. Vinita Prasad/V.draft